# कोषाध्यक्ष का प्रतिवेदन .....



आदरणीय अध्यक्ष जी, समारोह के उद्घाटनकर्त्ता मुख्य अतिथि, मंच पर विराजमान समस्त विशिष्ट जनों, आगन्तुक सज्जनों, पत्रकार बंधुओं, छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं समस्त उपस्थित बंधुओं तथा केन्द्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारीगण को मेरी एवं कुशवाहा अभियंता फोरम के तरफ से 30वीं वार्षिक आमसभा के शुभावसर पर सभी का हार्दिक स्वागत है।

कुशवाहा अभियन्ता फोरम का गठन वर्ष 1992 में किया गया था। इसका रजिस्ट्रेशन सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 21, 1860 के तहत जनवरी 2002 (रजिस्ट्रेशन संख्या 901/2001-2002) में हुआ था, जिसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारतवर्ष है।

अगस्त 2009 से ही फोरम का website-www.kushwahaabhiyantaforum.org के नाम से खोला गया है, जिसपर कुशवाहा अभियन्ता फोरम का संविधान एवं उससे सम्बन्धित अद्यतन सारी सूचनाओं को देखा जा सकता है।

कुशवाहा अभियन्ता फोरम अभियन्ता के लिए एक ऐसा मंच है जहाँ अभियन्तागण एवं उनके परिवार के लोग अपने विचारों का आदान प्रदान करते है। प्रत्येक वर्ष वार्षिक आम सभा समारोह होता है तथा आम सभा में ही केन्द्रीय कार्यकारिणी का निर्वाचन होता है। फोरम द्वारा संचालित अन्य विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा महासचिव जी के प्रतिवेदन में किया गया है।

प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष अप्रैल 2021 से मार्च 2022 का लेखा प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक वर्ष लेखा का सनदि लेखाकार से अंकेक्षण कराया जाता है, अंकेक्षित लेखा का प्रतिवेदन नियमित रूप से प्रत्येक वर्ष सरकार को भेजा जाता है तथा रिटर्न भी जमा किया जाता है। कुशवाहा अभियन्ता फोरम के नाम से दो बचत खाता पंजाब नेशनल बैंक, सगुना मोड़, पटना में खाता संख्या 2913000100107514 एवं 2913000100110341, IFSC Code - PUNB0757700 है। जिसमे कहीं से भी फोरम के लिये किसी मद का सहयोग राशि उन खातों में डाला जा सकता है।

फोरम द्वारा संचालित कार्यक्रमों जैसे कल्याण कोष, मैरेज ब्यूरो, जगदेव स्मृति छात्रवृति एवं कार्यालय के भवन निमार्ण मुख्य विषय हैं। कोरोना काल में भी उपरी तल की छत की ढ़लाई कार्य सम्पन्न हो गया। आप सभी अभियन्तागण से अनुरोध करता हूँ कि भवन निर्माण का कार्य रूके नहीं, इसके लिए स्वेच्छा पूर्वक आर्थिक सहयोग प्रदान करने की कृपा करें।

मैं पुनः आप सबका आभार व्यक्त करता हूँ कि आपलोगों ने अबतक विभिन्न मदों में स्वेच्छा पूर्वक भरपूर आर्थिक सहयोग प्रदान कर फोरम द्वारा संचालित कार्यक्रमों को सफल बनाया है।

जय हिन्द, जय कुशवाहा अभियंता फोरम !



**इ० सुरेन्द्र प्रसाद कुशवाहा**
कोषाध्यक्ष